# बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम

( बिहार सरकार का उपक्रम )
कौटिल्य नगर, पटना–800014.

ई0 सपलेश्वर मंडल
मुख्य अभियन्ता

दूरभाष (कार्यालय) : 0612-2223727
फैक्स : 0612-2224529
मेबाईल : 9471006801

संचिका संख्या :– Reg–1/1473 पटना, दिनांक :– 22/06/2023

**कार्यालय आदेश–225/2023**

बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम अन्य कार्यों के अतिरिक्त ई–निविदा सूचना सं0–05/SBD/2022–23 के माध्यम से पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत नकरदेई थाना में थाना भवन (G+3), आउट हाउस का विद्युतीकरण सहित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रित की गयी थी।

1. ई–निविदा की कंडिका–35 में निम्न शर्तें अंकित थी :–
"निविदा में केन्द्र सरकार/राज्य सरकार/सार्वजनिक क्षेत्रों में समान प्रकृति के कार्य कराने का अनुभव, साक्ष्य सहित संलग्न (अपलोड) करने वाले संवेदक का ही निविदा मान्य होगा।"

2. ई–निविदा सूचना सं0–05/SBD/2022-23 में निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि–23.06.2022 से 30.06.2022 को 17:00 बजे अपराह्न तक निर्धारित की गयी थी।

3. बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम के पत्रांक–एच0क्यू0 1853 दिनांक–28.06.2022 के द्वारा पुनः ई–निविदा सूचना सं0–05/SBD/2022-23 में निविदा अपलोड करने की अंतिम तिथि–12.07.2022 से 21.07.2022 को 17:00 बजे अपराह्न तक विस्तारित की गयी।

4. उक्त ई–निविदा सूचना सं0–05/SBD/2022-23, क्रम सं0–11 पूर्वी चंपारण जिलान्तर्गत नकरदेई थाना में थाना भवन (G+3), आउट हाउस का विद्युतिकरण सहित निर्माण कार्य के लिये 03 संवेदकों के द्वारा यथा– 1. मे0 मेहेन्दिया कंस्ट्रक्सन प्रा0 लि0, 2. सैयद मुमताज अख्तर एंव 3. मे0 सृष्टि निर्माण के द्वारा निविदा समर्पित की गयी।

5. मे0 सृष्टि निर्माण द्वारा निविदा की कंडिका–35 में शर्तों के अनुपालन में कार्य अनुभव प्रमाण पत्र (Performance Certificate) के रूप में Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Ltd. के Dy. General Manager द्वारा निर्गत पत्र सं0–BMSIC/80070/10-2021/689 दिनांक–08.06.2022 समर्पित की गयी थी।

6. मे0 सृष्टि निर्माण द्वारा समर्पित अनुभव प्रमाण पत्र (Performance Certificate) निर्गत कार्यालय यथा– Dy. General Manager (Projects), Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Ltd., Hospital Road, Shastri Nagar, Patna-800023, Email

ID-sagar.dgmdmsicl@gmail.com को निविदाकार मे0 सृष्टि निर्माण द्वारा समर्पित कार्यानुभव प्रमाण पत्र सत्यापित करने हेतु, निबंधित डाक से प्रेषित निगम के पत्र सं0–SE 40 दिनांक–14.03.2023 के साथ–साथ ई–मेल से अनुरोध किया गया।

7. निगम के उक्त अनुरोध के आलोक में DGM (Projects), East & West Champaran, Siwan, Nalanda and Darbhanga, Bihar Medical Services & Infrastructure Corporation Ltd., (BMSICL), 4th Floor, Bihar State Building Construction Corporation Ltd., Shastri Nagar, Patna- 800023 ने दिनांक–24.03.2023 को अपराह्न 03:44 बजे भेजे गये ई–मेल से सूचित किया कि " The attached experience certificate is not issued by BMSICL Office. This is for your information and necessary action please."

8. उपर्युक्त तथ्यों से यह प्रमाणित होता है कि मे0 सृष्टि निर्माण एवं प्रोपराईटर श्री बलजीत सिंह बरनाला, पिता–श्री उदय शंकर, पता–सालेमपुर डुमरा, आशियाना मोड़, बी0एम0पी0 रोड़, पोस्ट–बि0 भी0 कॉलेज, थाना–हवाई अड्डा, पटना–800014 के द्वारा आपराधिक षडयंत्र एवं जालसाजी कर, जाली अनुभव प्रमाण पत्र तैयार कर एवं उक्त जाली अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित कर, छल पूर्वक बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम से कार्य आवंटित कराने तथा गलत ढ़ंग से लाभ प्राप्त करने का प्रयास किया गया। इस तरह सृष्टि निर्माण एवं इसके प्रोपराइटर श्री बलजीत सिंह बरनाला द्वारा अपराध किया गया है।

9. इस प्रकार मे0 सृष्टि निर्माण एवं प्रोपराईटर श्री बलजीत सिंह बरनाला, पिता–श्री उदय शंकर, पता–सालेमपुर डुमरा, आशियाना मोड़, बी0एम0पी0 रोड़, पोस्ट–बि0 भी0 कॉलेज, थाना–हवाई अड्डा, पटना–800014 के द्वारा जाली अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित किया गया है। भारतीय दण्ड संहिता की धारा–467, 468, 471, 420, 120बी एवं 511 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई तथा उनके विरूद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की गई।

10. तदोपरान्त मे0 सृष्टि निर्माण एवं प्रोपराईटर श्री बलजीत सिंह बरनाला, पिता–श्री उदय शंकर, पता–सालेमपुर डुमरा, आशियाना मोड़, बी0एम0पी0 रोड़, पोस्ट–बि0 भी0 कॉलेज, थाना–हवाई अड्डा, पटना–800014 के द्वारा जाली अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित किया गया है। बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 की कंडिका के तहत इस कार्यालय के पत्रांक एच0क्यु0 1873 दिनांक–1.06.2023 द्वारा कारण पृच्छा की गयी क्यों नही उक्त आपराधिक षडयंत्र, जालसाजी एवं छल के आरोप में कार्य के निबंधन को निलंबित कर उसे काली सूची में डालने की कार्रवाई की जाय।

11. कारण पृच्छा का जबाव समर्पित करने के लिए पत्र प्राप्ति से 07 दिन का समय दिया गया। जिसके आलोक में संवेदक द्वारा दिनांक– 05.06.2023 को कारण बताओ नोटिस का जबाव समर्पित किया गया। जिसमें उनके द्वारा कराये गये जॉच से संबंधित कागजात तथा गलत पाये गये अनुभव प्रमाण पत्र की प्रतियों को उपलब्ध कराने की मांग की गई है। जिसे निगम के द्वारा अमान्य माना गया है। किसी फर्म या व्यक्ति के द्वारा किया गया आपराधिक कृत् के संबंध में आपराधिक कार्रवाई तथा जालसाजी या छलपूर्वक तथा गलत ढंग से लाभ प्राप्त करने के प्रयास के विरूद्ध बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली 2007 के सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्रवाई अलग–अलग प्रावधानों के तहत अलग–अलग कार्रवाई करने का प्रावधान है। फर्म द्वारा आपराधिक कार्य किया गया है इसीलिए बिहार निबंधन नियमावली 2007 के तहत कार्रवाई नहीं करने का कोई वैधानिक आधार नही बनता है।

अतः आपराधिक षड़यंत्र के तहत जाली अनुभव प्रमाण पत्र निगम को समर्पित कर छल पूर्वक निगम से कार्य आवंटित कराने तथा गलत ढंग से लाभ प्राप्त करने का

प्रयास करने हेतु बिहार निबंधन नियमावली 2007 के कंडिका 11(क) 7 के प्रावधानों के तहत मे0 सृष्टि निर्माण के निबंधन सं0 प्रथम 2/2018 (प्रोपराइटर) बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम को कालीसूची में दर्ज किया जाता है।

Sd/- 21.6.23

मुख्य अभियंता।

ज्ञापांक– HQ 2199 पटना, दिनांक–22/06/2023 Sd/- 21/06/2023

प्रतिलिपि– अधीक्षण अभियंता (मो0), अधीक्षण अभियंता, कार्य अंचल–01 एवं 02/ मुख्य लेखा पदाधिकारी/ कार्यपालक अभियंता, मोनेटरिंग, बी0ओ0क्यू0 एवं गुण नियंत्रण/ मुख्य अभियंता के तकनीकी सचिव/ मुख्य अभियंता के निजी सहायक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, मुख्यालय, पटना एवं सभी कार्यपालक अभियंता, पटना/राजगीर/मगध प्रमण्डल कैम्प डिहरी ओन सोन/ भागलपुर/ दरभंगा/ पूर्णियाँ/ मुजफ्फरपुर प्रमण्डल कैम्प हाजीपुर एवं कार्यपालक अभियंता, विद्युत प्रमण्डल/
पुलिस महानिदेशक–सह–अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sd/- 21.6.23

मुख्य अभियंता।

ज्ञापांक– HQ 2199 पटना, दिनांक– 22/06/2023 Sd/- 21/06/2023

प्रतिलिपि– मुख्य अभियंता, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना / मुख्य अभियंता, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना/ मुख्य अभियंता, बिहार स्थानीय क्षेत्र विकास अभिकरण, पटना/ मुख्य अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार आधारभूत संरचना विकास प्राधिकार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार चिकित्सा सेवाएं आधारभूत संरचना निगम, पटना/प्रबंध निदेशक, बिहार राज्य पुल निर्माण निगम, पटना/प्रबंध निदेशक बिहार राज्य भवन निर्माण निगम लि0, पटना/मुख्य कार्यपालक अभियंता, बिहार ग्रामीण कार्य विकास अधिकरण, पटना/प्रबंध निदेशक बिहार शहरी आधारभूत संरचना विकास निगम लि0, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Sd/- 21.6.23

मुख्य अभियंता।

Sd/- 21/06/2023

ज्ञापांक– HQ 2199 पटना, दिनांक– 22/06/2023

प्रतिलिपि– श्री जितेन्द्र गिरि, वरीय निजी सहायक, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम को निगम के वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Sd/- 21.6.23

मुख्य अभियंता।

Sd/- 21/06/2023

ज्ञापांक– HQ 2199 पटना, दिनांक– 22/06/2023

प्रतिलिपि– मे0 सृष्टि निर्माण एवं प्रोपराईटर श्री बलजीत सिंह बरनाला, पिता–श्री उदय शंकर, पता–सालेमपुर डुमरा, आशियाना मोड़, बी0एम0पी0 रोड़, पोस्ट–बि0 भी0 कॉलेज, थाना–हवाई अड्डा, पटना–800014 को सूचनार्थ प्रेषित।

21.6.23

मुख्य अभियंता।

21/6/2023